कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सीताराम दायमा, एडवोकेट, न्यायालय परिसर, दौसा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी), दौसा

अपील सं0 14/2018

निर्णय दिनांक 23.04.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 13.03.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी), दौसा द्वारा उनके पत्रांक रसद/आरटीआई/2018/176 दिनांक 09.04.18 द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवादी गई है। साथ ही आवेदक को भी प्रति सूचनार्थ पृष्ठांकित की गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, (जिला रसद अधिकारी), दौसा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official